of his Scripture are that this has been compiled by a Holy Prophet, Sri Guru Arjan Dev himself and when it is worshipped by the faithful, it is worshipped as one complete entity, meaning thereby that the works of the Bhaktas, sufis and bards are revered with the same devotion as those of the six Gurus, And in this scripture myriad, names of the Almighty have been used such as Ram, Hari, Ishwar, Prabhu, Murari, Damodar, Gopal , Gobind, Girdhari, Shyam, Narain, Madho, Mohan , Keshav, Braham, mukand, Gosain, Kahan, Krishna, Bithal, Goverdhan, Jagannath, Narhari as also Allah, Khuda, Rahim, Parwardigar,Rabb, Maula,Bakshand and many others. Sri Guru Gobind Singh did not include any of his own writings in the Holy Scripture and compiled a separate volume of almost the same size, which incorporates his masterpieces of divine poetry. Only one Shalokas in Sri Guru Granth Sahib is ascribed to the tenth Preceptor. The Ragas in which the Holy Scripture are arranged are 31 in number. They excluded those Ragas which are expressive of unnecessary exuberance or expressive sadness.The Gurus preached the omnipotence and omnipresence of the creator, as he has the power of invest the content of His Will with reality and the whole realm of His existence is constantly sustained by His activity. His spirit pervades all beings. He is the Creator, Preserver and the Destroyer. He manifests Himself through the love He kindles in every heart. His mercy is inexhaustible. He is infinite limitless and He is the Saviour. The Gurus preached, the virtues of truth, contentment, humility and compassion. They also considered women equal to man and disapproved of the evils of infanticide and sati. They raised their voice openly against aggression cruelty and plunders. They never favoured recluseness and abdication of householder's responsibilities. They taught the humility to fulfil their obligations for which they were created by the Almighty, remember Him in every breath and help others who are in need. They preached equality of all human beings and even compassion for all other creatures, who have their own functions. The Guru gave a message of preserving the environment and promoting the verdure. They imparted a scientific outlook through Gurbani and propogated the message of peace and tranquility. Their message contained in the Holy Scripture is immortal, everlasting and everenduring. It is panacea for the suffering humanity as the Gurus beseeched the all-powerful Creator to preserve the burning world-with His Grace and to bless the whole humanity.

Ex. Chief Manager

The Legacy of Dr. Manmohan Singh

Rakesh Chandra Narayan



The legacy of Dr. Manmohan Singh lives on in India's strong and affluent middle class and entrepreneurs who dream big. The median age of India's population is approximately 28.8 years, according to the latest data from Worldometer. This indicates that half of the Indian population is older than 28.8 years, while the other half is younger having no lived experience of the appalling scarcity Indians had to put up with before the transformative reforms of 1991.

Dr. Manmohan Singh having full support of the visionary PM PV Narsimha Rao presented the historic Budget on July 2 in 1991 that changed India. It shifted India's economy from protectionism and socialism to liberalisation. The Government introduced numerous significant reforms which dismantled the License Raj, devalued the rupee and then opened India to foreign investments. The policies of Dr. Manmohan Singh were important in averting a sovereign default while absolutely stabilizing an Indian economy which was on the brink of collapse that was marked by a fiscal deficit of 8.5% of the GDP and a balance of payment deficit.

The measures taken at that time fuelled rise of the middle class, a hallmark of successful societies, as was seen in Western Europe after the Industrial Revolution, Japan after the war and South Korea after the 'Miracle of the Han River'. It unleashed the huge reservoir of pent up entrepreneurships.

India saw continuous growth from the year 2004 to the year 2014 when Dr. Manmohan Singh was the Prime Minister of India. His policies were aimed at an inclusive development and social equity. He has been rightly acclaimed as a thinker and a scholar. He will be remembered for his academic approach to work, accessibility, and unassuming demeanour.

Dr. Manmohan Singh's achievements are all the more remarkable given that he was a survivor of the partition. Born on September 26, 1932, in Gah, Punjab, British India (now in Pakistan), his family migrated to India during the partition in 1947. He completed his Matriculation examinations from Punjab University in 1948. He had a distinguished academic journey .

He went to the University of Cambridge, UK, where he earned a First Class Honours degree in Economics in 1957. He did D. Phil in Economics from Nuffield College at Oxford University in

1962. He joined Punjab University as a teacher and later taught in Delhi School of Economics.

His stint with the government began in 1966 when he worked for the United Nations Conference on Trade and Development (UNCTAD). In 1969 he was appointed Advisor to the Ministry of Foreign Trade by Lalit Narayan Mishra. This was soon followed by his appointment as Chief Economic Advisor in the Ministry of Finance in 1972. Over his career, Dr. Singh held several significant positions, including Secretary in the Ministry of Finance, Deputy Chairman of the Planning Commission, Governor of the Reserve Bank of India, Advisor to the Prime Minister and Chairman of the University Grants Commission.

Dr. Manmohan Singh became the Finance Minister of India in 1991, courtesy of Prime Minister P.V. Narasimha Rao. He recognised Singh's expertise as an economist and his potential to drive economic reforms. His legacy as finance Minister laid the foundation for India's emergence as a major economic power. His journey to become India's Prime Minister is a fascinating one. He was famously quoted as saying in parliament during his first budget speech in 1991 that "no power on Earth can stop an idea whose time has come".

He started his first stint as prime minister with some reluctance but he soon stamped his authority on the top job. He is also known as the 'accidental Prime Minister" of India. This label stems from the fact that he became the Prime Minister in 2004, not due to a direct election or a strong personal mandate, but rather as a result of a coalition politics . He was a compromise candidate and went on to serve as Prime Minister for two consecutive terms from 2004 to 2014. His tenure, particularly between 2004 and 2009, saw the country's GDP grow at a healthy average pace of around 8%, the second fastest among major economies.



He took bold decisions on reforms and brought more foreign investment into the country. Experts credit him for shielding India from the 2008 global financial crisis.

When he was the PM, coalition politics became the feature of Indian politics and he had to work under the constrains where he had to balance the competing demands and interests of his alliance partners. He had to make compromises and concessions to keep the coalition intact, which limited his ability to implement his policy agenda. There were allegations of corruption against some of his cabinet ministers, though his personal integrity was never questioned.In response to these allegations, he told, "I think taking into account the circumstances and the compulsions of a coalition polity, I have done as best as I could do under the circumstances."

His government was able to achieve several significant policy initiatives, National Rural Employment Guarantee Act (NREGA), Right to Information(RTI) and India –US civil Nuclear Deal etc.

As prime minister, Singh took several far-reaching decisions that continue to impact India even today. Once criticized as an accidental Prime Minister, his passing on October 17, 2023 has brought about a renewed appreciation for his leadership and vision, which have had a lasting impact on India's growth and development.

"I honestly believe that history will be kinder to me than the contemporary media, or for that matter, the opposition parties in parliament," he had rightly said.

Ex. General Manager

IMPORTANT CIRCULARS ISSUED

Date	circular No.	Subject
		HO Accounts & Audit Department
23-12-2024	804/2024-25	Master circular on limited review - december- 2024
23-12-2024	795/2024-25	Amendment in GST provisions considered applicable to Bank
23-12-2024	794/2024-25	Guidelines w.r.t. perquisite value of furnished/ unfurnished accommodation given to staff by the Bank
06-11-2024	636/2024-25	Policy on internal/office accounts - (as amended)
24-10-2024	594/2024-25	Applicability of reverse charge on renting of any immovable property other than residential dwelling by any unregistered person to any registered person w.e.f. 10.10.2024
24-10-2024	591/2024-25	Amendment in Income Tax Rules Forms considered applicable to Bank
		HO Credit Department
06-11-2024	690/2024-25	e-BG through LOS-Perfectlend
		HO Credit Monitoring & Policy Department
20-12-2024	789/2024-25	Sanctioning of non-fund credit facilities to non-constituent borrowers
17-12-2024	774/2024-25	Payment to External Due Diligence Agencies for enhanced amount as per Loan Policy of the Bank
11-11-2024	638/2024-25	IBA SCHEME FOR RECOMMENDING TRANSPORT OPERATORS TO MEMBER BANKS: Additions / Renewals / Withdrawal/ Non-Renewal/ Change of address with renewal during the period 1st Oct, 2024 to 31th Oct, 2024.
		HO Foreign Exchange Department
31-12-2024	822/2024-25	Notional rate w.e.f. 01.01.2025
29-11-2024	720/2024-25	Non-resident guarantees availed by persons resident in india
29-11-2024	719/2024-25	Directions on compounding of contraventions under fema, 1999
29-11-2024	710/2024-25	Opening of nostro account for (aed) transactions
09-10-2024	549/2024-25	Nrise deposit campaign
		HO Fraud Monitoring Department
31-12-2024	832/2024-25	Cases of Frauds/Attempted Frauds/Third Party Entities involved in Frauds (Sharing of Information)
09-10-2024	548/2024-25	Standard operating procedure for lodging complaint through PSB UNIC and handling of Cyber/Digital fraud in CRM portal
07-10-2024	537/2024-25	Cases of Frauds/Attempted Frauds/Third Party Entities involved in Frauds (Sharing of Information)
		HO General Administration Department
20-12-2024	785/2024-25	Bank's "Policy for acquisition of accommodation on lease hiring, de-hiring, shifting and surrender of premises and Off Site ATMs."
16-12-2024	767/2024-25	Insurance Policy for i) Furniture & Fixture ii) Plant & Machinery iii) Computers iv) Bank Owned Premises.
16-12-2024	765/2024-25	Change of Address of Branch Batala (B0094), Sunet (S0159), Kalamboli (K1187) and Zonal Office Gurdaspur (Z8004).
11-11-2024	639/2024-25	Change of Name of GSKS Batala (B0543) Branch
		HO Human Resources Development Department
27-12-2024	805/2024-25	Specialization through job families – PSB unnati
23-12-2024	796/2024-25	Declaration of Banking Industry as "Public Utility Service" under Industrial Disputes Act 1947
19-12-2024	782/2024-25	Provisions for Compensation/Compensatory Leave to officers for working on Sundays/Holidays and Out of pocket expenses to staff members for working in shift duties or during extended working hours – reg.
02-12-2024	718/2024-25	Introduction of application and acceptance of resignation/ VRS in PSB kutumb (hrms)
30-11-2024	713/2024-25	Promotion from Asst General Manager (SMGS-V) to Deputy General Manager (TEGS-VI) 2024-25 from Panel List
28-11-2024	699/2024-25	Rewards/ recognition module in HRMS – PSB wall of fame
20-11-2024	673/2024-25	Employee survey for fy 2024-25
18-11-2024	659/2024-25	Scheme for reimbursement of fees for courses offered by apex institutes and ed-tech platforms
14-11-2024	650/2024-25	Training Policy of the Bank - Addendum
14-11-2024	648/2024-25	Policy of leased accomodation provided by the bank to the eligible officers in terms of regulation 22 & 25 of punjab & sind bank (officers') service regulations- 1982
14-11-2024	647/2024-25	Metrics for performance linked incentive (pli)
14-11-2024	646/2024-25	Scheme for rewarding employees based on performance-psb utkrisht
14-11-2024	645/2024-25	Reimbursement of creche allowance/ daycare facilities to eligible employees of the bank
14-11-2024	644/2024-25	Facility for purchase of ipad/ tablet/ laptop and reimbursement of petrol expenses to public relations officer (pro)
11-11-2024	637/2024-25	Promotion process 2025-26- clerical cadre to officers cadre in jmgs-i
11-11-2024	624/2024-25	Promotion process 2025-26 - calling of options from provisionally eligible candidates
07-11-2024	628/2024-25	Tentative vacancies for promotion of officers from mmgs-ii to mmgs-iii, jmgs-i to mmgs-ii, and clerk to jmgs-i for the promotion process 2025-26
04-11-2024	623/2024-25	Annual performance appraisal reports for fy 2024-25 (as on 31.03.2025) And onwards
30-10-2024	612/2024-25	Promotion from Asst General Manager (SMGS-V) to Deputy General Manager (TEGS-VI) 2024-25 from Panel List
28-10-2024	601/2024-25	Launch of PSB KUTUMB Android Mobile Application on Google Play Store
14-10-2024	560/2024-25	REG: Reconstitution of the Internal Complaints Committee (ICC) in terms of Banks policy on Prevention, Prohibition and Redressal of Sexual Harassment of women at workplace.
04-10-2024	535/2024-25	"PSB Jeevan Sahara"- COMPREHENSIVE SCHEME FOR APPOINTMENT ON COMPASSIOANTE GROUNDS OR PAYMENT OF EX-GRATIA AMOUNT IN LIEU OF APPOINTMENT ON COMPASSIONATE GROUNDS.
		HO Inspection Department
14-11-2024	657/2024-25	General advisory for adherence to the Bank's Systems and Procedures for Branch Operations

FROM 01.10.2024 TO 31.12.2024

Date	circular No.	Subject
		HO Law & Recovery Department
30-12-2024	814/2024-25	PSB RIN MUKTI III
13-12-2024	757/2024-25	Timely payment of advocate fee bills
11-12-2024	748/2024-25	'Schedule' for details of legal heirs of borrower(s) to be obtained along with application form of various loan schemes
18-11-2024	661/2024-25	Policy on title investigation, index inspection of properties and non-encumbrance certificate
18-11-2024	658/2024-25	Monthly review of cases pending before drts/drats by the zonal manager
04-10-2024	530/2024-25	Timely filing of cases and compliance of directions issued by hon'ble ncdrc and hon'ble supreme court of india in cases filed by/ against the bank
		HO Provident Fund Department
23-12-2024	797/2024-25	Tie-up Hospitals/HealthCare centers for healthcare services & General Health Checkup of Employees and Retirees
13-12-2024	761/2024-25	Educational Scholarship for Meritorious Children of Staff Members through HRMS
19-11-2024	671/2024-25	Empanelment of Medical Diagnostic Lab for general health checkup of Employees and Retirees
14-11-2024	652/2024-25	Reimbursement of Expenses on General Health Checkup for Staff Members, Retired Employees & their Spouse
19-10-2024	579/2024-25	Special Scheme for Granting Loan to Ex-Staff pensioner / Family Pensioners of Punjab & Sind Bank to pay premium for IBA's Group Medical Insurance Policy for 2024-25
14-10-2024	562/2024-25	IBA's Group Medical Insurance Scheme for Retired Officers / Workmen Employees for the period 01.11.2024 to 31.10.2025
		HO Planning & Development Department
31-12-2024	821/2024-25	Merger of Branch - Ulsoor under Chennai Zone
31-12-2024	820/2024-25	Opening of New Branche - Dumka Under Kolkata Zone
31-12-2024	819/2024-25	Opening of New Branche - Thrissur Under Chennai Zone
20-12-2024	788/2024-25	Opening of New Branch - Madhapar - Under ZO Gandhinagar
11-12-2024	745/2024-25	OPENING OF NEW BRANCH - Sakrai Timbo under Gandhinagar Zone
28-11-2024	700/2024-25	Opening of New Branch - Uttarkashi
22-11-2024	684/2024-25	Opening of new branches
14-11-2024	643/2024-25	Performance Metrics for Reward Program under MD & CEO Club Membership and ED Club Membership for FY 2024-25
14-11-2024	622/2024-25	Enhancement of Withdrawal Limit through Bank Withdrawal Slip
12-11-2024	631/2024-25	Introduction of New Special Fixed Deposit Product "PSB Green Earth".
21-10-2024	583/2024-25	INTRODUCTION OF NON CALLABLE RETAIL TERM DEPOSIT SCHEME "PSB DHAN KUBER". (Ammendment in Existing Circular 296/2024-25 dated 11-07-2024)
		HO Priority Sector Advances Department
31-12-2024	823/2024-25	Collateral free Agricultural loans including loans for allied activities from existing limit of Rs 1.60 Lakh to Rs. 2.00 Lakh per borrower
24-12-2024	801/2024-25	PSB agriculture infrastructure fund (psb aif) scheme
24-12-2024	800/2024-25	PSB smart scope msme loans
20-12-2024	791/2024-25	Specialized branches for msme & housing loan
16-12-2024	775/2024-25	Enhancement In Extent Of Guarantee Coverage In Respect Of Women Led Enterprises
29-11-2024	706/2024-25	PSB msme green investment and financing for transformation scheme (msme- gift scheme)
29-11-2024	705/2024-25	PSB mse scheme for promotion and investment in circular economy (mse-spice scheme)
25-10-2024	600/2024-25	PSB business loan scheme for young india
25-10-2024	599/2024-25	PSB samraddh mahilla loan scheme
25-10-2024	598/2024-25	PSB go-green financing scheme
18-10-2024	577/2024-25	MoU With Chamber of Indian Micro Small and Medium Enterprises (CIMSME) For Financing MSMEs
		HO General Operations Department
24-12-2024	799/2024-25	PSB Customer Retention Campaign-2.0 for activation of accounts which turned inoperative from 01.04.2024 to 20.12.2024. Campaign period is from 26.12.2024 to 31.01.2025
19-12-2024	783/2024-25	Forthcoming General Elections to Legislative Assembly of Delhi, 2025 – SOP on Transportation of clean and genuine cash by banks.
12-12-2024	752/2024-25	Advisory - Forthcoming General Elections to Legislative Assembly of Delhi - Facilitation for opening of separate bank account and cheque book to the prospective candidates
09-12-2024	740/2024-25	Doorstep Banking Service (DSB)-Festival Campaign from 11.12.2024 to 31.12.2024
02-12-2024	727/2024-25	Direction on Note Sorting Machines: Standards issued by the Bureau of Indian Standards and Certification of Note Sorting Machines-Standard Operating Procedure.
21-11-2024	679/2024-25	Waiver of Doorstep Banking Service Charges for Differently Abled Customers of Bank for PSB Alliance's Doorstep Banking Service.
10-10-2024	555/2024-25	'नई पहल-2' for tracing and settling the unclaimed deposits of CASA, TD & CC/OD accounts in where balance is between Rs. 500/- to 50,000/-
		HO Marketing & Insurance Department
03-12-2024	728/2024-25	Launch of campaign "har ghar kuber" for sourcing of recurring deposit account
02-12-2024	721/2024-25	Campaign - mission casa 500k
01-10-2024	522/2024-25	PSB dhan sanchay abhiyan

जीवन के नवीन अध्याय का आरंभ...

बैंक के स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज, रोहिणी नई दिल्ली में सेवानिवृत्ति को खुशहाल एवं स्वस्थ बनाने पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

Poetry: The Inner Soul

An Eye without spectacles

Barricades on road
Full-on obstacles;
Bridges have to appear
Says an Eye without spectacles

Sight behind bars
Scars logically dealt;
Superb is the chemistry
All Solids have to melt

Let Soul controls you
'How & When' in mind;
He 'Who' have to handle
I see myself BLIND

'Know that'
With him in action
No need of reaction;
Super Power attraction
Nothing can be distraction

Just believe!

Gurjeet Singh
Manager
HO Inspection Department

She is the World

Growing up, I admired a woman,
Doting on her with eyes full of veneration,
She is a mother,
God's wondrous creation.
She is a woman,
Of stature and grace,
When in need of rest,
Better than her lap, I couldn't find a place.
She is a woman,
With tremendous charisma,
How she frames sadness into smiles,
Is a beautiful enigma.
She is a woman,
Wiser than the wise,
When ugly thoughts take over,
She says, "look yourself through my eyes".
She is the world to me,
With her presence,
Peace of mind she unfurls,
And her heart, as I am positive,
Is among the wonders of the world.

Amisha Srivastava
Customer Service associate
Zo Bareily

श्री गजराज देवी सिंह ठाकुर, महाप्रबंधक के आंचलिक कार्यालय बरेली के दो दिवसीय दौरे के दौरान एमएसएमई कैंप एवं शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

नवीनतम तकनीक एवं डिजिटल बैंकिंग

रूप कुमार

आज के समय में तकनीक ने हमारे जीवन को अत्यधिक प्रभावित किया है और यह क्षेत्र वित्तीय सेवाओं में भी बड़ा बदलाव ला रहा है। डिजिटल बैंकिंग इसका मुख्य उदाहरण है, जो अब केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक बदलाव का हिस्सा बन गया है। डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं की सुगमता और प्रभावशीलता में वृद्धि हुई है, और यह दिन-प्रतिदिन और अधिक उन्नत हो रही है। नवीनतम तकनीक के साथ, डिजिटल बैंकिंग ने ग्राहकों के अनुभव को बदल दिया है और भविष्य में वित्तीय सेवा क्षेत्र को नए आयामों तक पहुँचाने की क्षमता रखता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था अनौपचारिक भुगतान के दायरे से निकल कर औपचारिक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसमें तकनीक ने बेहतर भूमिका निभाई है। देश में जब प्रधानमंत्री जन धन योजना का आरंभ हुआ तो उस समय तकनीक ही थी जिसकी वजह से लगभग 38 करोड़ से भी ज्यादा खाते खोले गए जोकि बहुत बड़ा रिकॉर्ड था। यही नहीं तकनीक से वित्तीय जगत का हर क्षेत्र बेहतर हो रहा है।

डिजिटल बैंकिंग की संकल्पना और नवीनतम तकनीक

डिजिटल बैंकिंग, बैंकों द्वारा दी जाने वाली उन सभी सेवाओं को संदर्भित करता है जो इंटरनेट, मोबाइल ऐप्स, या अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। इसमें बचत खाता संचालन, ऋण आवेदन, बिल भुगतान, ट्रांसफर, निवेश, और कई अन्य बैंकिंग सेवाएँ शामिल हैं। डिजिटल बैंकिंग की बढ़ती लोकप्रियता मुख्यतः समय और स्थान की स्वतंत्रता, त्वरित सेवाओं, और विभिन्न तकनीकी उपकरणों द्वारा सरलता के कारण है।

दूसरे शब्दों में हम यह भी कह सकते हैं कि खाता खुलवाने से लेकर लेन-देन करने तक तकनीक का इस्तेमाल डिजिटल बैंकिंग कहलाता है। तकनीक की मदद से आपका बैंक हमेशा आपके साथ रहता है और कभी भी उसकी सेवाओं का फायदा उठाया जा सकता है। आज की रफ्तार भरी जिंदगी में जब सीमित समय में ही हमें सभी काम निबटाने

होते हैं तो ऐसे में प्रत्येक मिनट का महत्व होता है। इसी भागादौड़ी के बीच यदि बैंक जाना पड़े तो आधा दिन तो चुटकियों में ही निकल जाता है। ऐसे में डिजिटल बैंकिंग ने ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। डिजिटल बैंकिंग अथवा ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए आप मिनटों में पैसों का लेन-देन, ऋण के लिए आवेदन व अन्य बैंक से संबंधित कई काम कर सकते हैं और तो और ये सब काम करते वक्त न ही आपका समय बरबाद होता है और न ही आपको इसके लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है।

आज, बैंकिंग सेवाओं की पहुंच भारत के सभी परिवारों तक है। यूपीआई और रूपे डेबिट कार्ड जैसी प्रमुख पहलों ने इस ट्रेंड को और तेजी दी है। इसी तर्ज पर, भारत नेट मिशन दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट पहुंचा रहा है, जिससे तकनीक से संचालित बैंकिंग सेवाओं का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है। भारत में इंटरनेट यूजर्स के बढ़ते आधार के साथ, बैंकों के रिटेल टचपॉइंट्स पर बहुत ज्यादा लोगों से डील नहीं करना होता है। वे अब बड़े पैमाने पर इन ग्राहकों को अपने डिजिटल यानी स्मार्टफोन ऐप्लिकेशन पर प्राप्त करते हैं। यह ग्राहकों को विशेष रूप से इसके लिए समय निकाले बिना हर तरह का लेन-देन का अधिकार देता है। यूपीआई की तकनीकी खासियतों (जिसमें बैंक और नॉन-बैंक प्रोवाइडर्स में इंटरऑपरेबिलिटी शामिल हैं) ने लेन-देन की लागत के साथ इसमें लगने वाला वक्त भी काफी हद तक कम कर दिया है।

भारत दूरदराज के क्षेत्रों के बीच एईपीएस (आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली) द्वारा संचालित बायोमेट्रिक लेन-देन में वृद्धि कर रहा है। इससे पहले तक भारतीय निवेशक मोटे तौर पर एफडी, आरडी और रियल एस्टेट निवेश जैसे पारंपरिक निवेश साधनों पर निर्भर थे। दिन-प्रतिदिन के जीवन में डिजिटल प्रौद्योगिकी के आने से इसमें भी बदलाव शुरू हो गया। टियर 2 और टियर 3 शहरों में रिटेल निवेशकों ने अब म्यूचुअल फंड और स्टॉक जैसे एडवांस निवेश प्रोडक्ट्स का दोहन करना शुरू कर दिया है।

भारत भी अब ओपन बैंकिंग के विचार के प्रति खुल रहा है। आज जब बैंकों के पास एक बड़ा कस्टमर बेस और ऐतिहासिक डेटासेट उपलब्ध है, तकनीकी-संचालित स्टार्टअप और एनबीएफसी ने उनका उपयोग करने के लिए तकनीकी क्षमता विकसित की है। शुक्र है कि इनमें से अधिकांश हितधारकों को बाजार की मुख्य चुनौतियों से निपटने के लिए जुड़ते देखा जा रहा है। यह ट्रेंड भारत में बेहतर प्रोफाइलिंग, क्रेडिट अंडरराइटिंग और आधुनिक ग्राहकों के सामने आने वाली समस्याओं का सामना करने वाले उत्पादों के विकास के साथ वित्तीय सेवाओं के विस्तार को भी और गति दे रहा है। डिजिटल सेवाओं के विस्तार को संचालित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है स्वीकार्यता। शुक्र है कि हमने भारत में इस मोर्चे पर एक पॉजीटिव ट्रेजेक्टरी देखी है। कुछ बड़ी घटनाओं ने भी इस ट्रेजेक्टरी को आकार दिया है। उदाहरण के लिए, डिजिटल पेमेंट अपनाने के बाद तेजी आई है। कोविड-19 लॉकडाउन में भी यही प्रवृत्ति देखी गई है। कोविड प्रकोप के मद्देनजर एईपीएस का उपयोग डाक सेवा पेशेवरों ने दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को अपने घरों में बैठे-बैठे नकदी निकालने में मदद करने के लिए किया है। इस तरह के आयोजनों में एफआई की तकनीकी क्षमताएं बाजार ट्रेंड को आकार देने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

नवीनतम तकनीक

पिछले 6 वर्षों के दौरान, डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने में आया है। आज देश में प्रत्येक दिन करोड़ों की संख्या में डिजिटल लेनदेन हो रहे हैं। डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से आप अपने घर बैठे ही बैंकिंग व्यवहार कर सकते हैं। इससे न केवल इन बैंकों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है, बल्कि सामान्यजन को बैंकिंग सेवाएँ भी त्वरित गति एवं आसानी से उपलब्ध होने लगी हैं। आज नेट बैंकिंग के माध्यम से किए गए लेनदेन की जानकारी तुरंत मिल जाती है, एक स्थान से दूसरे स्थान को राशि का हस्तांतरण, पलक झपकते ही हो जाता है। देश कैश-लेस बैंकिंग सेवाओं की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। मोबाइल बैंकिंग के बाद तो यह कहा जाने लगा है कि बैंक आपकी ज़ेब में है। कई ग्रामीण भी आज मोबाइल बैंकिंग एवं नेट बैंकिंग का इस्तेमाल करने लगे हैं। अन्य नवीनतम तकनीक के भी कुछ उदाहरण यहां देखे जा सकते हैं-

1. **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) -** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग बैंकों में ग्राहकों के व्यवहार का विश्लेषण करने, जोखिम मूल्यांकन करने और कस्टमाइज्ड सेवाएँ प्रदान करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट्स अब 24x7 ग्राहक सहायता प्रदान कर रहे हैं, जबकि मशीन लर्निंग द्वारा धोखाधड़ी के मामलों का पता चलाना भी तेज और प्रभावी हुआ है।

2. **ब्लॉकचेन तकनीक -** ब्लॉकचेन, जो कि एक विकेंद्रीकृत डेटा संरचना है, ने बैंकिंग सेक्टर में सुरक्षा और पारदर्शिता को बढ़ाया है। यह तकनीक पेमेन्ट्स और ट्रांजैक्शन्स के मामले में सुरक्षा बढ़ाने के लिए उपयोग की जा रही है, साथ ही यह क्रिप्टोकरेंसी जैसे बिटकॉइन के माध्यम से वित्तीय सेवाओं में नई दिशा प्रदान कर रही है।

3. **बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन -** बायोमेट्रिक तकनीक जैसे कि फिंगरप्रिंट स्कैन, फेस रिकॉग्निशन और आइरिस स्कैनिंग अब बैंकिंग सेवाओं के एक अहम हिस्सा बन चुके हैं। ये तकनीकें खाताधारकों की पहचान को सुनिश्चित करने के लिए अधिक सुरक्षा प्रदान करती हैं और धोखाधड़ी के मामलों को कम करती हैं।

4. **क्लाउड कंप्यूटिंग -** क्लाउड कंप्यूटिंग ने बैंकों को अपने डेटा और एप्लिकेशनों को सुरक्षित और स्केलेबल तरीके से स्टोर करने की सुविधा दी है। इसका उपयोग बैंकों के ऑपरेशन्स को अधिक लचीला और लागत-कुशल बनाने के लिए किया जाता है।

5. **इंटरनेट ऑफ थिंग्स -** इंटरनेट ऑफ थिंग्स का उपयोग बैंकिंग सेवाओं में नए अनुभव बनाने के लिए किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, स्मार्ट एटीएम मशीनें और भुगतान गेटवे, जो अपने आप ही ग्राहक की गतिविधि और जरूरत के अनुसार सेवाएँ प्रदान करते हैं, डिजिटल बैंकिंग के अनुभव को और भी व्यक्तिगत बना रहे हैं।

6. **फोन बैंकिग तथा इंटरनेट बैंकिंग** - बैंकिंग जगत में क्रान्तिकारी घटना है- फोन बैंकिंग तथा इंटरनेट बैंकिंग। इसमें जहाँ एक जगह पर आंकड़ों का संचयन कर दिया जाता है और आप अपने फोन पर ही अपने खातों की स्थिति का पता लगा सकते हैं, इसमें राशि का अंतरण या नामे कर सकते हैं। साथ ही कहीं बैठे आप फोन के जरिए बैंकिग कारोबार कर सकते हैं। इसमें बैंक की सभी शाखाओं को आंतरिक इंटरनेट के जरिए जोड़ दिया जाता है। 'कोर बैंकिंग' इस दिशा में नवीनतम प्रयोग है, जिसमें बैंक की किसी भी शाखा में आपका खाता हो और आप उस बैंक की इंटरनेट से जुड़ी किसी भी शाखा से बैंकिंग लेन-देन कर सकते हैं।

7. **ई-वॉलेट या डिज़िटल वॉलेट** - ई-वॉलेट या डिज़िटल वॉलेट जिसे आप ई-बटुआ या डिजिटल बटुआ भी कह सकते हैं, एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है जो एक व्यक्ति को इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन करने की अनुमति देता है। बैंकिंग जगत में नवीनतम तकनीक का प्रयोग है। ई-वॉलेट वस्तुओं को खरीदने के लिए पैसे की जगह इस्तेमाल किया जाने वाला एक प्रीपेड खाता है।

   आपने मोबिकविक, पेटीम आदि के विज्ञापन टी.वी. पर ज़रूर देखे होंगे। ये सभी एक तरह के ई-वॉलेट हैं। ई-वॉलेट, स्मार्टफ़ोन एवं कंप्यूटर का उपयोग कर भुगतान करने का एक नवोन्मेषी माध्यम है। आज देश के करोड़ों लोग स्मार्टफ़ोन का उपयोग करते हैं। इसलिए आजकल लोगों का रुख क्रेडिट कार्ड और डेविट कार्ड से हटकर ई-वॉलेट की तरफ हो गया है। ई-वॉलेट एक तरह से भौतिक बटुए का प्रतिस्थापन है। वे दिन गए जब आपको खरीदारी के लिए अपने बटुए को ले जाने की जरूरत होती थी। आज आप ई-वॉलेट का उपयोग कर कुछ भी खरीद सकते हैं। आज आपका स्मार्टफ़ोन ही आपका बटुआ बन गया है।

8. **भीम एप/ यूपीआई** - यह वित्तीय लेनदेन हेतु भारत सरकार द्वारा प्रक्षेपित एक मोबाइल एप है। डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए और इंडिया को कैश फ्री करने के उद्देश्य से इस मोबाइल एप का शुभारंभ किया गया जोकि बैंकिंग में तकनीकी का नवीनतम प्रयोग है।

   'भीम' एप का पूरा नाम **'भारत इंटरफेस फॉर मनी'** है। यह यूआईपी आधारित पेमेंट सिस्टम पर काम करता है और इसके जरिए ऑनलाइन पेमेंट आसानी से की जा सकती है। इससे पैसे भेजने के लिए सिर्फ एक बार अपना बैंक अकाउंट नंबर पंजीकृत करना होता है और एक यूपीआई पिनकोड सृजित करना होता है। इसके बाद हमारा मोबाइल नंबर ही पेमेंट एड्रेस हो जाता है। हर बार अकाउंट नंबर डालने की जरूरत नहीं होती है। भीम एप में लगभग सभी भारतीय बैंक खातों को इस्तेमाल किया जा सकता है।

चुनौतियाँ और भविष्य

हालाँकि डिजिटल बैंकिंग ने कई लाभ प्रदान किए हैं, फिर भी कुछ चुनौतियाँ मौजूद हैं। इनमें साइबर सुरक्षा, डेटा प्राइवेसी, और डिजिटल समावेशन जैसी समस्याएँ शामिल हैं। इसके अलावा, कई स्थानों पर इंटरनेट की सुगमता या डिजिटल साक्षरता की कमी भी एक बड़ी समस्या हो सकती है। हालाँकि, जैसे-जैसे तकनीक में सुधार हो रहा है, इन चुनौतियों को सुलझाने के उपाय भी खोजे जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, नए सुरक्षा उपायों का विकास और दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाना।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि तकनीक ने बैंकिंग तथा लोगों की जिंदगी को आसान बनाया है, किंतु इसमें की गई थोड़ी सी भी लापरवाही आपको भारी नुकसान पहुँचा सकती है। जब आप बैंक की शाखा में जाकर बैंकिंग सेवाओं का फायदा उठाते हैं तो आपकी सूचना को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी बैंक की होती है, किंतु जैसे ही आप डिजिटल बैंक का इस्तेमाल करते हैं तो आप अपने जोखिम पर सेवाओं का फायदा उठाते हैं । ऐसे में सुरक्षा संबंधी बातों को ध्यान में रखना बहुत जरूरी हो जाता है। अतः कहा जा सकता है कि यद्यपि हमारी अर्थव्यवस्था वैश्वीकरण की दिशा में अग्रसर हो चुकी है परन्तु इस दिशा में किये गये बैंकिंग सुधारों की रणनीति में कहीं न कहीं प्रयासों की सफलता में संदेह होता है। हमारे दृष्टिकोण से भारत में वित्तीय सुधारों के अन्तर्गत संरचनात्मक परिवर्तन होना चाहिये।

निष्कर्ष

डिजिटल बैंकिंग ने वित्तीय क्षेत्र में क्रांति ला दी है और इसके आने वाले दिनों में और भी व्यापक रूप से फैलने की उम्मीद है। नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके, बैंक अब ग्राहकों को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित, और प्रभावी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। हालांकि, इसे अपनाने में चुनौतियाँ हैं, फिर भी डिजिटल बैंकिंग का भविष्य उज्ज्वल है, और यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

राजभाषा अधिकारी
प्र. का. राजभाषा विभाग

आंचलिक कार्यालय कोलकाता द्वारा श्री प्रवीण कुमार मोंगिया, महाप्रबंधक एवं आंचलिक प्रबंधक, कोलकाता की उपस्थिति में शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

आंचलिक कार्यालय गुरुग्राम में श्री राजेन्द्र कुमार रैगर, महाप्रबंधक की उपस्थिति में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

आंचलिक कार्यालय देहरादून में शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक

श्री राजेन्द्र कुमार रैगर, महाप्रबंधक की अध्यक्षता में शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

श्री गजराज देवी सिंह ठाकुर, महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक, चंडीगढ़ श्री चमन लाल शींहमार की अध्यक्षता में अंचल कार्यालय फरीदकोट द्वारा शाखा प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन

आँचलिक कार्यालय होशियारपुर द्वारा बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक, चंडीगढ़ श्री चमन लाल शींहमार की उपस्थिति में एमएसएमई ग्राहक बैठक का आयोजन

भारतीय बैंकिंग-दशा और दिशा

मनोज कुमार गुप्ता

किसी भी देश के आर्थिक विकास का मुख्य आधार उस देश का बुनियादी ढाँचा होता है। यदि बुनियादी ढाँचा ही कमज़ोर हो तो कितना भी प्रयास किया जाए व्यवस्था को मज़बूत नहीं बनाया जा सकता है। यही कारण है कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में विकास एवं उन्नति हेतु किये जाने वाले प्रयासों को बल प्रदान करने के लिये नीति निर्माताओं द्वारा एक ऐसे मार्ग का अनुसरण किया जाता है जिसके माध्यम से सरकार आम आदमी को अर्थव्यवस्था के औपचारिक माध्यम में शामिल कर सके और यह औपचारिक माध्यम है 'बैंक'। बैंक किसी भी देश के आर्थिक विकास के लिए एक धुरी के रूप में कार्य करते हैं। इसलिए बैंक अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। देश में वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में बैंक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हाल ही के समय में, केंद्र सरकार ने भारतीय बैंकिंग उद्योग को मज़बूत बनाए जाने के उद्देश्य से कई सुधारों की घोषणा की है। जैसे, ग़ैर निष्पादनकारी आस्तियों की समस्या से निपटने के लिए दिवाला एवं दिवालियापन संहिता लागू की गई। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनायी गई। साथ ही, पिछले पाँच/छह वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा इंद्रधनुष योजना को लागू करते हुए, सरकारी क्षेत्र के बैंकों को लगभग तीन लाख करोड़ रुपए की सहायता उपलब्ध करायी गई।

भारत में बैंकिंग प्रणाली की स्थापना

देश में बैंकिंग व्यवस्था की शुरुआत को इतिहासकार लगभग 18वीं शताब्दी से ही मानते हैं। इसके बारे में कहा जाता है कि अंग्रेजों ने आधुनिक बैंकिंग प्रणाली को लाकर भारत की अर्थव्यवस्था में क्रांति कर दी थी। अंग्रेजों ने सुनियोजित तरीके से धन की उगाही के लिये तीनों प्रेसीडेंसियों मसलन मद्रास, बंबई और बंगाल में बैंकों की स्थापना की। इसके बाद तीनों प्रेसीडेंसी बैंकों को मिलाकर 1921 में इम्पीरियल बैंक की स्थापना हुई।

भारत की स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1955 को इम्पीरियल बैंक की सभी संपत्तियों का अधिग्रहण करके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने कार्य करना

शुरू कर दिया। आपको बता दें कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया देश का सबसे पुराना और सबसे बड़ा व्यापारिक बैंक है। इसे राष्ट्रीयकृत बैंकों की श्रेणी में नहीं रखा जाता है। राष्ट्रीयकृत बैंकों में उन बैंकों को रखा जाता है जो 1969 के राष्ट्रीयकरण और उसके बाद सरकार के अधीन आये हैं।

यह तो बात थी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बारे में, अब बात करते है केन्द्रीय बैंक अर्थात रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के बारे में। 1926 हिल्टन यंग कमीशन ने इस बात का सुझाव दिया था कि इम्पीरियल बैंक से अलग एक केन्द्रीय बैंक को स्थापित किया जाना चाहिये जो विदेशी विनिमय कोष प्रबंधन के साथ-साथ नोट भी जारी कर सके। यहाँ यह भी जानना जरूरी है कि हिल्टन यंग कमीशन पहला कमीशन था जिसने रिज़र्व बैंक को लाने की बात कही थी। 1934 में रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट के जरिये 1 अप्रैल,1935 से रिज़र्व बैंक ने कार्य करना शुरू कर दिया। वर्मा विभाजन के बाद रिज़र्व बैंक ने 1942 तक वहाँ की करेंसी अथॉरिटी और 1947 तक वहाँ की सरकार के बैंकर के रूप में भी कार्य किया था। देश के विभाजन के बाद 1948 तक इसने पाकिस्तान के सेन्ट्रल बैंक के रूप में भी कार्य किया था। वर्ष 1949 में रिज़र्व बैंक का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया और तब से यह देश का केन्द्रीय बैंक है।

भारतीय बैंकिंग की दशा

उस समय देश में भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के अलावा भी कई अन्य व्यापारिक बैंक कार्य कर रहे थे। फिर भी ऐसा लगातार महसूस किया जा रहा था कि इन बैंकों के द्वारा कृषि, लघु एवं कुटीर उद्योग, गाँव और कस्बों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उस समय सरकार ने देश के आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिये 1969 में 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इस कदम को और विस्तार देते हुए सरकार ने 1980 में 6 और बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इन सबके बावजूद भी इसके वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सका। इसलिए सरकार ने बैंक क्षेत्र में सुधार के लिये कई आयोगों का गठन किया।

बैंक में एनपीए की समस्या

पिछले कुछ वर्षों में बैंकों द्वारा दिये जा रहे ऋण गैर निष्पादित परिसंपत्तियों में बदल गए हैं। यस बैंक द्वारा भी रिलायंस ग्रुप, आईएल एवं एफएस, डीएचएफएल, जेट एयरवेज़, एस्सार शिपिंग, कैफे कॉफी डे जैसी कंपनियों को ऋण दिया गया, जो बाद में एनपीए में बदल गए। गैर निष्पादित परिसंपत्तियों के मामले में सरकारी बैंकों की स्थिति निज़ी बैंकों से ज़्यादा खराब है।

एनपीए का प्रभाव

बैंकों में एनपीए बढ़ने से विकट समस्या उत्पन्न हो जाती है, जैसेकि-

1. एनपीए के चलते बैंकों को मिलने वाला लाभ कम हो जाता है, जिससे सरकार के पास राजस्व कम पहुँचता है, ऐसे में सरकार की निवेश करने की क्षमता में गिरावट आती है। निवेश कम होने से अर्थव्यवस्था की विकास दर कम हो जाती है, साथ ही बेरोज़गारी की समस्या में बढ़ोतरी होती है।

2. बैंकों में एनपीए की वृद्धि से नए लोगों को ऋण मिलने में कठिनाई होती है, जिससे अर्थव्यवस्था का आकर सिकुड़ता है।

3. जमाकर्त्ताओं का बैंक पर विश्वास कमज़ोर हो जाता है और वे बैंक में पैसा जमा करने से कतराते हैं।

4. एनपीए के रूप में जब बैंक का लोन फँस जाता है तो उसकी प्रोविजनिंग के लिये उसे मुनाफ़े से एक निश्चित राशि अलग रखनी होती है, मुनाफ़ा कम होने का असर बैंक के विस्तार और ग्राहक सेवाओं पर पड़ता है।

बैंकिंग क्षेत्र में सुधार

बैंकिंग क्षेत्र में सुधार करने के लिये सरकार ने 1991 में एम. नरसिंहम की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में चार स्तरीय ढाँचे की व्यवस्था की जाए जिसमें तीन या चार बड़े बैंक होंगे। एसबीआई इसमें शामिल होगा और इसे शीर्ष स्थान प्राप्त होगा तथा यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना कार्य कर सकेगा। इसने कहा कि बेसल समिति द्वारा सुझाये गये उपायों को धीरे-धीरे प्राप्त करने की जरूरत है।

नरसिंहम समिति ने लाइसेंस प्रणाली को खत्म करने की भी बात कही थी। बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के लिये दूसरी बार एम. नरसिंहम की अध्यक्षता में ही एक समिति का गठन किया गया। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट में पूंजी खाते की परिवर्तनीयता को ध्यान में रखते हुए बैंकिंग प्रणाली को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। इस समिति ने बड़े बैंकों को भी मिलाने पर बल दिया और कहा कि जहाँ पर कुछ अंतरराष्ट्रीय और कुछ राष्ट्रीय स्तर के बैंक हों वहाँ पर छोटे स्थानीय बैंकों को खोलने पर भी बल दिया जाना चाहिये जिससे किसी राज्य के स्थानीय व्यापार, उद्योग तथा कृषि को बढ़ावा मिल सके। इस लिहाज से रिज़र्व बैंक द्वारा नचिकेत मोर समिति का गठन किया गया। इस समिति ने छोटे व्यवसायों और कम आय वाले परिवारों के लिए व्यापक वित्तीय सेवाओं और भुगतान बैंकों को लाइसेंस देने संबंधी बात कही। इस समिति की अनुशंसा के आधार पर ही सरकार द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक यानी IPPB को लॉन्च किया गया था।

बैंकों में सुधार के लिये बेसल 3 मानक को लाया गया। बेसल 3 बैंकिंग प्रणाली के उन पक्षों को सुधारने का प्रयास करता है जिसके कारण पूरे विश्व को आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ा। इसकी वजह यह है कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं को अपनी वित्तीय प्रणाली को बचाने के लिये बहुत धनराशि खर्च करनी पड़ती है। इसके लिये ये देश नहीं चाहते कि आने वाले समय में इस तरह की समस्या का सामना फिर से करना पड़े। इन सब वजहों से बैंकिंग व्यवस्था को कुछ इस प्रकार से नियंत्रित करना होगा जिससे न केवल बैंक की पूंजी में गुणात्मक सुधार हो बल्कि बैंकों की हानि सहने की क्षमता में भी बढ़ोतरी हो।

आज के समय में बैंकों का स्वरूप (दिशा)

आज के समय में बैंकिंग व्यवहार और उपभोक्ताओं की जरूरतों में परिवर्तन जिस तरीके से हो रहे हैं, वैसी स्थिति में बैंकों का भविष्य भी संकट के घेरे में है। अब तो यह भी माना जा रहा है कि परंपरागत बैंकिंग का दौर खत्म हो चुका है और बैंकलेस बैंकिंग अवधारणा मजबूत हुई है। इसी संबंध में एक बार बिल गेट्स ने कहा था कि "बैंकिंग तो जरूरी है, किन्तु बैंक नहीं।"

आज तकनीक ने बैंकों के स्वरूप को एकदम बदल दिया है। इसमें बिग डेटा, क्लाउड कंप्यूटिंग, स्मार्टफोन और ऐसे अन्य नवाचार शामिल हैं। मोबाइल बैंकिंग के आने से तो ग्राहकों और बैंक के बीच संवाद के तरीके में बहुत बदलाव आ गया है। मोबाइल बैंकिंग के द्वारा घर से दूर रहकर भी अपने बैंक के खातों की जानकारी ली जा सकती है। किसी भी समय खाते से पैसों को ट्रांसफर करना, बिलों का भुगतान इत्यादि किया जा सकता है। यह सुविधा 24 घंटे उपलब्ध होती है। इसी प्रकार एटीएम मशीनों ने बैंकिंग व्यवस्था को बहुत हद तक सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बना दिया है।

कैशलेस अर्थव्यवस्था ने बैंकिंग स्वरूप में और बड़ा परिवर्तन किया है। इससे एक ओर जहाँ लोगों को लंबी कतारों से मुक्ति के साथ-साथ समय की बचत हुई तो वहीं दूसरी ओर कालेधन को रोकने में बहुत हद तक मदद भी मिली। इसके कारण अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता आयी। कैशलेस व्यवस्था आने के कारण रुपया लोगों के पास से तो हटा ही किन्तु उसका स्थान प्लास्टिक मुद्रा ने लिया। प्लास्टिक मुद्रा ने लोगों की समस्या के समाधान के साथ-साथ पर्यावरण को तो लाभ पहुँचाया ही इसके साथ ही साथ इससे अर्थव्यवस्था में तेजी भी आयी। कैशलेस अर्थव्यवस्था को पेमेंट्स बैंकों ने भी आगे बढ़ाने में मदद की है।

अभी हाल ही के समय में एक निजी क्षेत्र के बैंक को कोरपोरेट अभिशासन संबंधी कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। निजी क्षेत्र के इस बैंक में पिछले कई सालों से प्रमोटर स्वयं ही मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर कार्य कर रहे थे। शायद इसी वजह से कई प्रकार की समस्याएँ जो बैंक में आंतरिक रूप से महसूस की जा रही थीं, परंतु बाहर नहीं आ पाईं।

निजी क्षेत्र की बैंकिंग पर पड़ता प्रभाव: निजी क्षेत्र की बैंकों में प्रायः यह देखा गया है कि जब प्रमोटर ख़ुद ही उस बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्य करता है तब वह स्वयं ही सभी उच्च अधिकारियों की नियुक्ति भी करता है। इस प्रकार, प्रमोटर का बैंक में बहुत ज़्यादा प्रभाव उत्पन्न हो जाता है। कई बार यह आशंका व्यक्त की जाती रही है कि इस प्रकार के निजी बैंकों में एक ओर तो कुछ चुनी हुई कंपनियों को ही भारी मात्रा में ऋण प्रदान कर दिया जाता है तो वहीं दूसरी ओर कुछ उच्च मूल्य की जमाराशियाँ तुलनात्मक रूप से ब्याज की अधिक दर प्रदान कर कुछ विशेष कंपनियों से प्राप्त की जाती हैं। इस प्रकार के बैंकों द्वारा न तो बचत एवं चालू खातों में कम ब्याज की दर पर जमाराशियाँ प्राप्त किए जाने का प्रयास किया जाता है और ना ही खुदरा मूल्य के ऋण प्रदान किए जाने का प्रयास होता है। इस प्रकार इन बैंकों में संपत्तियाँ एवं देयताएँ दोनों तरफ़ ही जोखिम बढ़ जाता है। उक्त के साथ ही, प्रमोटर के समूह की कुछ कंपनियों को वित्तीय कंपनियाँ बनाकर संबंधित व्यवसाय भी किया जाता है। जिससे अंततः समूह की इन कंपनियों के हितों के बीच टकराव उत्पन्न होने लगता है। इस तरह की स्थितियाँ सामान्यतः तभी पनपती हैं जब प्रमोटर ख़ुद कई साल तक मुख्य कार्यपालक अधिकारी बना रहता है। इस प्रकार के बैंकों में ग़ैर निष्पादनकारी आस्तियों की एवर ग्रीनिंग भी की जाती है।

समाधान: किसी भी संस्था को स्थापित किए जाने पर शुरुआती दौर में उस संस्था की मजबूत नींव रखने के उद्देश्य से प्रमोटर को कुछ समय के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाये जाने संबंधी छूट दी जा सकती है क्योंकि शुरुआती दौर में अक्सर प्रमोटर, संस्था के निर्माण के लिए, अपने पूरे मनोयोग से काम करता है। एक बार संस्था के सफलतापूर्वक खड़े होने के बाद उस संस्था और व्यक्ति के बीच का अंतर कम अथवा समाप्त होने लगता है, यह एक मानव प्रकृति है, जिसके चलते प्रमोटर संस्था के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में बहुत अधिक शक्तिशाली व्यक्ति के तौर पर उभर आता है और उस संस्था के सभी कार्यों में उस व्यक्ति का नियंत्रण हो जाता है।

कई बैंकों में कॉरपोरेट अभिशासन संबंधी मुद्दों में विसल ब्लोअर की भूमिका को भी कई बार उठाया जाता रहा है। जिन कंपनियों में प्रमोटर ही मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर कार्य करता है वहाँ विसल ब्लोअर अपनी भूमिका का निर्वहन ठीक से नहीं कर पाता है। क्योंकि जब विसल ब्लोअर कोई मुद्दा उठाता भी है तो उसे बोर्ड की कमेटी अथवा वरिष्ठ कार्यपालकों की समिति के हवाले कर दिया जाता है और वे उसे नज़र अन्दाज़ कर देते हैं। इस प्रकार पारदर्शिता दिखाई नहीं देती है। लेकिन अब विसल ब्लोअर की भूमिका को मज़बूत बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

अब भारतीय रिज़र्व बैंक ने संवैधानिक लेख परीक्षकों की समय सीमा भी तय कर दी है, इसके पूर्व कई वर्षों तक एक ही संवैधानिक लेखा परीक्षक नियुक्त रहता था। संवैधानिक लेखा परीक्षक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रहती है क्योंकि संस्था के सभी लेनदेन की जाँच उन्हें करनी होती है। इसी प्रकार कंपनी लॉ बोर्ड ने भी सभी स्वतंत्र निदेशकों की समय सीमा को बाँध दिया है। अभी तक कई कंपनियों में कुछ स्वतंत्र निदेशक कई सालों तक बोर्ड में सदस्य बने रहते थे। कुल मिलाकर प्रयास यह हो रहा है कि किस प्रकार बैंकों में जमाकर्ताओं के हित सुरक्षित रहें। बोर्ड के सदस्यों की बैंक के जमाकर्ताओं के प्रति भी कुछ जवाबदारी बनती है। हालाँकि अभी के नियमों के अंतर्गत, बैंक का प्रबंधन बैंक के बोर्ड के प्रति जवाबदेह होता है और बैंक का बोर्ड बैंक के शेयर होल्डर्ज़ के प्रति जवाबदेह रहता है। बैंकों में जबकि सबसे अधिक पैसा तो जमाकर्ताओं का लगा हुआ है, जिसे बैंक ऋण के रूप में प्रदान करते हैं। ऋण प्रदान करते समय पारदर्शिता का पूरा ध्यान

रखना चाहिए एवं इसी समय पर हितों के टकराव का भी पूरा ध्यान रखना ज़रूरी है। बैंक प्रबंधन को तो जमाकर्ताओं के ट्रस्टी के रूप में कार्य करना चाहिए। अतः बैंक के प्रबंधन एवं ऋण प्राप्तकर्ता के बीच की दूरी सम्बंधी सिद्धांत का पालन किया जाना भी अति आवश्यक है। भारतीय रिज़र्व बैंक के चर्चा पत्र में इस प्रकार के मुद्दों को भी छुआ गया है। बैकों में जोखिम प्रबंधन कमेटी एवं ऑडिट कमेटी आदि को भी मज़बूत बनाए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की गई है।

निष्कर्ष

गौरतलब है कि वैश्वीकरण के दौर में बैंकों का स्वरूप लगातार बदल रहा है। पहले जहाँ बैंकों में लंबी-लंबी कतारें लगी रहती थीं, वहीं अब तकनीक ने इस कार्य को सरल और सुगम बना दिया है। तकनीक का प्रयोग करके पेमेंट बैंकों ने इस कार्य को और आसान बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आधुनिक बैंकिंग विशेषकर कैशलेस अर्थव्यवस्था बैंकिंग लेन-देन के डिजिटलीकरण के दौर में चिंता का विषय जरूर है। परन्तु सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने आईआईटी जैसे संस्थानों के साथ मिलकर विभिन्न तरीकों से इससे निपटने के प्रयास किये हैं। जन-धन योजना और डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं के माध्यम से बैंकिंग के जरिये वित्तीय समावेशन पर सरकार बहुत जोर दे रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की पहुँच न हो पाना भी चिंता का विषय है। क्योंकि दुर्गम और कठिन क्षेत्र होने के कारण कई क्षेत्रों में अभी भी बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध नहीं हैं। सरकार ने बड़ी संख्या में बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट की नियुक्ति कर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास किया है। ये बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट बैंकों तथा ग्रामीण जनता के बीच कड़ी का काम करते हैं। इसी प्रकार बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के लिये हाल ही में सरकार ने तीन बैंकों के विलय का फैसला लिया है। इसमें देना बैंक, विजया बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा शामिल हैं। कुल मिलाकर, भारत का आज का बैंकिंग स्वरूप बदलते परिवेश में नए कलेवर अपना रहा है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि आर्थिक विकास को और मजबूत करें।

वरिष्ठ प्रबंधक
प्र.का. सरकारी व्यवसाय विभाग

Pradeep Roy
Rettd. Chief Manager
Punjab & Sind Bank

Our Bank inks MoU with Indian Navy

Our Bank with a Commitment to serve our Naval Heroes inks MoU with Indian Navy Gaurav Bachat Defence Salary Package for Serving Personnel, Veterans, Veer Naris & Naval Civilians.

੧ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)

Punjab & Sind Bank
(A Govt. of India Undertaking)

Where service is a way of life

PSB UniC
You & I Connected

Celebrate this New Year with Amazing Offers

Just a Scan away

Sanction in just 30 mins#

PSB E-APNA GHAR
Loan in Minutes, Home for Life Time

To Avail Just Scan

PSB E-APNA VAHAN
Speed Meets Convenience

To Avail Just Scan

#Subject to Verifications, Legal/Valuation Reports, wherever applicable.

Visit here
https://digiloans.psb.co.in/psb/homeloan

Give a Missed Call on
8879806866

Visit here
https://digiloans.psb.co.in/psb/vehicleloan

Give a Missed Call on
8879840089